संख्या–297 / XXIV(1) / 2008–22 / 2007 T.C.

प्रेषक,

हरिश्चन्द्र जोशी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
मयूर विहार, देहरादून।

शिक्षा अनुभाग–1(बेसिक): देहरादूनः दिनांकः 14 जनवरी, 2008

विषयः– अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक / कर्मचारियों के जी0पी0एफ0 खाते में जमा धनराशि पर ब्याज का भुगतान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–अर्थ–1 / 37240–41 / जी0पी0 एफ0 ब्याज / 2007–08 दिनांक 29.09.2007 एवं पत्र संख्या–अर्थ–1 / 52387 / जी0 पी0एफ0 ब्याज / 2007–08, दिनांक 18.12.2007 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक / कर्मचारियों के जी0पी0एफ0 खाते में जमा धनराशि पर ब्याज हेतु रू0 538308153 / – (रूपये तिरपन करोड़ तिरासी लाख आठ हजार एक सौ तिरपन मात्र) की धनराशि इस प्रतिबंध के साथ स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान करते है, कि ब्याज की मांग का जनपदवार परीक्षण / आंकलन कर संबंधित लेखाधिकारी एवं कोषाधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त ही किया जायेगा तथा धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0 में जमा की जायेगी।

2. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2007–08 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–7 के अधीन लेखा शीर्षक –2049–ब्याज आदयगियां में आयोजनेत्तर –60–अन्य दायित्वों पर ब्याज –101–जमाओं पर ब्याज –00–03–

कर्मचारियों की भविष्य निधि पर ब्याज (ट्रेजरी पी0एल0ए0 में)–32–ब्याज/लाभांश (भारित) के नामें डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–362(NP)/वित्त अनुभाग–3/2007, दिनांक 18.01.2008 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(हरिश्चन्द्र जोशी)
सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. आयुक्त कुमायूं/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड (निदेशक के माध्यम से)।
4. समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड (निदेशक के माध्यम से)।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड (निदेशक के माध्यम से)।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), कुमायूं/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
7. वित्त अनुभाग–3/नियोजन अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन।
8. बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन, सचिवालय देहरादून।
9. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर, देहरादून।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार शर्मा)
अनुसचिव।